07/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा कि सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के लिए भर्ती नियमों को बीच में तब तक नहीं बदला जा सकता जब तक कि ऐसा निर्धारित न हो। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पहले एक बार तय किए गए 'खेल के नियमों' में बीच में बदलाव नहीं किया जा सकता। पीठ ने यह भी कहा कि चयन नियम मनमाने नहीं होने चाहिए और संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुरूप होने चाहिए।

000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) लागू करने का फैसला लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने और अपने नायकों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता को फिर से व्यक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज इस योजना के 10 साल पूरे होने पर, श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि संख्याओं से परे, ओआरओपी सशस्त्र बलों की भलाई के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। श्री मोदी ने आगे कहा कि पिछले एक दशक में लाखों पेंशनभोगी और पेंशनभोगी परिवारों को इस ऐतिहासिक पहल से लाभ मिला है।

0000000000000000000000

अरुणाचल लिटरेचर फेस्टिवल ईटानगर दोरजी खाण्डू स्टेट कॉनवेशन सेंटर में आगामी तेरह नवबर से पंद्रह नवबर तक आयोजित होगा। अरुणाचल प्रेस क्लब, ईटानगर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए आई.पी.आर के सेक्रेटरी न्याली एते ने बताया कि इस फेस्टिवल में म्यामा, भूटान और इंडोनेशिया के साहित्यकार भी हिस्सा लेंगे। पहली बार इस फेस्टिवल में चिल्ड्रेन्स कॉर्नर की व्यवस्था होगी।

000000000000000

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज कहा कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सरकार जल्दी ही आतंकरोधी नीति और रणनीति लेकर आएगी। नई दिल्ली में आतंकरोधी सम्मेलन का उद्‌घाटन करते हुए श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद पिछले दस वर्षों में आतंकवाद के खिलाफ कडा रवैया अपनाया गया है। दो दिन के इस सम्मेलन को राष्ट्रीय अभिकरण अन्वेषण-एनआईए ने आयोजित किया है। श्री शाह ने कहा कि आतंकवाद को कत्तई बर्दाश्त न करने के श्री मोदी के आह्‌वान की दुनियाभर में सराहना हुई है। श्री शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए देश में मजबूत व्यवस्था तैयार की गई है।

0000000000000000000

आज राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है। इसकी शुरुआत वर्ष दो हजार चौदह में सात नवंबर को शुरू हुई थी। कैंसर जागरूकता दिवस का उद्देश्य कैंसर की रोकथाम, शीघ्र पहचान और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

इधर अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि राज्य में कैंसर के बढते मामलों को लेकर सरकार गंभीर है और कैंसर जाँच एवं चिकित्सा संस्थान की स्थापना के लिए समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जा चुके है। तोमो रिबा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान संस्थान - ट्रिम्स नाहरलगुन में संवाददाताओं के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य के इस महत्वपूर्ण संस्थान में जल्द ही किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध होगी।

000000000000000

गृह मंत्री मामा नातुंग ने आज पुलिस स्टेशन चिंपु का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक तेची कासो, राज्य के पुलिस महानिदेशक आनंद मोहन और कई वरिष्ठ पुलिस अधीकारी मौजूद थे। गृह मंत्री ने ट्रॉमा विक्टिम्स के लिए एक हिलिंग सेंटर आने होम का उद्‌घाटन किया और ऑपरेशन डॉन-रोशनी के थीम सॉन्ग को लॉन्च किया। उन्होंने पुलिस स्टेशन और आने होम का जायजा लिया और अधिकारियों से पीपुल्स फ्रेंडली पुलिसिंग का आह्‌वान किया।

000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने बुधवार को नामसाई में पंद्रह दिन के जल उत्सव अभियान का शुभारम्भ किया। जल उत्सव अभियान राष्ट्रीय जल जीवन मिशन और जल शक्ति मंत्रालय की राष्ट्रव्यापी पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य स्थायी जल प्रबंधन के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर श्री मेन ने सामूहिक जिम्मेदारी और सरकारी बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से जल जीवन मिशन के तहत विकसित जल आपूर्ति परियोजनाओं की देखरेख में स्थानीय समुदायों की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने अभियान में उल्लेखनीय योगदान करने वाले गांव के लिए विशेष प्रशंसा पुरस्कार की भी घोषणा की।

00000000000000000

राज्य के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने आज राज्य सचिवालय, ईटानगर में नीपको के तकनीकी निदेशक रामेंद्र शर्मा और पी.ए.बी.डी के कार्यकारी निदेशक एस. एस. अधिकारी के साथ तागो-1, तागो-2 और हेओ हाईड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट पर चर्चा की। बैठक के दौरान अधिकारियों ने मुख्य सचिव को बताया कि शी-योमी जिले के तातो में स्थानीय युवाओं के हितों को देखते हुए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट - आई.टी.आई खोला जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में स्कील वर्कफोर्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने से जुड़ी गतिविधियों में भी परियोजना एजेंसी सहयोग करेगी।

00000000000000000

अरुणाचल लिटरेचर फेस्टिवल ईटानगर दोरजी खाण्डू स्टेट कॉनवेशन सेंटर में आगामी तेरह नवबर से पंद्रह नवबर तक आयोजित होगा। अरुणाचल प्रेस क्लब, ईटानगर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए आई.पी.आर के सेक्रेटरी न्याली एते ने बताया कि इस फेस्टिवल में म्यामा, भूटान और इंडोनेशिया के साहित्यकार भी हिस्सा लेंगे। पहली बार इस फेस्टिवल में चिल्ड्रेन्स कॉर्नर की व्यवस्था होगी।

00000000000000

छठ पूजा समारोह का आज तीसरा दिन है। श्रद्धालु नदी के किनारे स्थित विभिन्न छठ घाटों पर आज जमा हुए और उन्होंने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर, ईस्ट सियांग सहित विभिन्न स्थानों पर छठ पर्व का उल्लास देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नदियों और जलाशयों के किनारे पूजा अर्चना की। चार दिवसीय इस पर्व का समापन कल सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने  देशवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि पर्व के तीसरे दिन छठ संध्या अर्घ्य पर्व सादगी, संयम, संकल्प और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कामना की कि यह महापर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य लेकर आए।

0000000000000

सीनियर नेशनल वुशु चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले अरुणाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने आज राज्यसचिवालय ईटानगर में मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू से मुलाकात की। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने सात स्वर्ण और तीन ब्रॉन्ज मेडल सहित कुल दस पदक जीते। मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने स्वर्ण पदक जीतने वाली न्येमेन वांग्सु, चेरा लोकु, मर्सी ङाइमोंग और ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली ग्यामर यातुप और तौग अमा को बधाई दी।

00000000000000

अपर सियांग जिले के अरुणाचल स्टेट रूरल लाईब्लिहूड मिशन की डिस्ट्रिक्ट मिशन मैनेजमेंट यूनिट, पांगिन क्लस्टर की बैठक हुई। केरल स्टेट पॉवर्टी इराडिकेशन मिशन के सहयोग से आयोजित इस बैठक में संबंधित विभागों के प्रमुखों, प्रशासनिक अधिकारियों और मिशन कर्मियों ने हिस्सा लिया।

000000000000